**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी भोपाल**

**दिनांक : 26.01.2026** **समय : 02.10PM**

## गणतंत्र दिवस– देश

राष्ट्र आज 77वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस समारोह का नेतृत्व राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने किया। यह समारोह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रीय समर स्मारक पर जाने के साथ शुरू हुआ। श्री मोदी ने स्मारक पर शहीदों को फूल माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथियों यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला फॉन डेर लायन के साथ कर्तव्य पथ पर पहुंची। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया जिसके बाद राष्ट्रीय गान हुआ और 21 तोपों की सलामी दी गई। राष्ट्रपति मुर्मु ने वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को सर्वोच्च वीरता पुरस्कार अशोक चक्र से सम्मानित किया।

## गणतंत्र दिवस–प्रदेश

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर भोपाल में मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में मुख्य समारोह में तिरंगा फहराया और परेड की सलामी ली। राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी को विकास के केंद्र में रखकर देश को आगे बढ़ाया जा रहा है। इस अवसर पर राज्यपाल ने लाल परेड ग्राउंड में मनोहारी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और प्रदर्शित झांकियों का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में आयोजित कार्यक्रम में झंडा फहराया, परेड की सलामी ली और प्रदेश की जनता को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश सुशासन, समावेशी विकास और सामाजिक सशक्तिकरण के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है।

उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, इंदौर और उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल सागर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। ग्वालियर में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने ध्वजारोहण किया। पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र ने भोपाल आयुक्त कार्यालय परिसर में ध्वजा रोहण किया। भोपाल महापौर मालती राय ने आई एस बी टी परिसर में एवं निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने माता मंदिर स्थित निगम कार्यालय परिसर में राष्ट्र ध्वज फहराया। मध्य प्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, मुख्यालय भोपाल में म.प्र. मानव अधिकार आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने ध्वजारोहण किया । भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने कलेक्ट्रेट में झंडा वंदन किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने भाजपा प्रदेश कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया। कांग्रेस पार्टी के कार्यालय में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने ध्वजारोहण किया।

## गणतंत्र दिवस–जिला

बड़वानी में कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने झण्डा वंदन किया। मंडला जिले में कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। सतना में राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने झण्डा वंदन किया । पन्ना में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। शिवपुरी में ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने ध्वजारोहण किया। छतरपुर और बैतूल में कलेक्टर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। छिंदवाड़ा में विंग कमांडर देवेंदर सिंह तोमर, सैनिक कल्याण अधिकारी ने तिरंगा फहराया। शहडोल में कलेक्टर ने राष्ट्रध्वज फहराया ।